## आज तीन घंटे बिजली कटौती

**बीकानेर,** (कासं)। यहां फीडर रख-रखाव, पेड़ों की कटाई-छंटाई के लिए बुधवार को सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 10 बजे तक कई स्थानों पर विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

बिजली कंपनी बीकेईएसएल के अनुसार पिंजरापोल गौशाला, नयाशहर पानी की टंकी, एम.एम. ग्राउंड के पीछे का एरिया, रिलायंस टावर डी.टी. आर के पास, ईदगाह बड़ी मस्जिद के सामने, पुष्करणा स्टेडियम के पीछे के एरिया में लाइट गुल रहेगी। विवेकनाथ बगीची, नथुसर कुआ, भैंरूजी चौक, नाथूसर बास, लोड-मोड के बगीची के पास का एरिया, ब्रह्म बागीची के पास का एरिया, नेताजी भवन, माहेश्वरी भवन, लतीमल माताजी, धर्मनगर द्वार, विश्वकर्मा गेट, गौशाला, गौशाला के पास का क्षेत्र, बिस्सा के बड़े के पास, गजनेर रोड, कोठारी के सामने नंदू महाराज डी.टी.आर, लालगढ़ रेलवे अस्पताल, गुरूद्वारा कॉलोनी. सर्वोदय बस्ती, कृपाल भैंरू मंदिर के पास, नृसिंह सागर तालाब, मेघवालों का मोहल्ला, मोती महाराज डी.टी.आर, खड़े वाला डी.टी.आर, सेंट एन.एन. स्कूल के पास का एरिया, मनोज दाल मिल के पास का एरिया, मोर पंख भवन, हरिजन बस्ती, डूडी पेट्रोल पंप, अंत्योदय नगर में कटौती होगी।

हसन पार्षद वाला डी.टी.आर. नया पीर दरगाह, माखन भोग, सर्वोदय बस्ती, सुभाष प्रसाद क्षेत्र, चलानी ऊनी मिल, खाक बाबा बिल्डिंग, कोठारी के सामने, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, मुर्गा मैदान, वून वर्गीकरण मिल क्षेत्र, लक्ष्मी ऊनी मिल, डूडी पेट्रोल पंप के सामने एस.बी.आई बैंक, रंगोलाई महादेव मंदिर के पास, कब्रिस्तान के सामने के आस-पास बिजली बंद रहेगी।

# बीकानेर में डेंगू ने तोड़ा चार साल का रिकॉर्ड, 17 नए रोगी भर्ती

**बीकानेर,** (कासं)। डेंगू ने इस बार चार साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। इन 11 महीनों में पीबीएम हॉस्पिटल में 1225 पॉजिटिस केस आ चुके हैं। कुल पांच मरीजों की मौत हो चुकी है। 17 नए मरीजों को भर्ती किया गया है।

सर्दी ने दस्तक दे दी है लेकिन पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन ओपीडी में वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ अभी कम नहीं हुई है।

- **11 महीनों में पीबीएम हॉस्पिटल में 1225 पॉजिटिस केस आ चुके हैं**
- **डेंगू में बीकानेर प्रदेश में तीसरे नम्बर पर है**



**बीकानेर के पी.बी.एम.अस्पताल में मेडिसिन ओपीडी में वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की भीड़ डॉक्टरों को दिखाने के लिए अपनी बारी का इंततार कर रही है।**

रोज 800 से 1000 मरीज आ रहे हैं, जिनमें थ्रोम्बोसाइटोपेनिया वायरल के मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। इन मरीजों की जांच में डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट हो रहा है। पीबीएम में रविवार को 352 मरीजों के डेंगू की जांच में 17 केस पॉजिटिव आए हैं।

हालांकि दिवाली के बाद पॉजिटिव रोगियों की संख्या में गिरावट आई है। इसका कारण सर्दी की शुरूआत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सर्दी बढ़ने के साथ ही डेंगू से भी राहत मिलेगी। केस कम हो जायेंगे, जबकि सितम्बर और अक्टूबर माह में एक ही दिन में 20 से 46 पॉजिटिव केस भी रिपोर्ट हो चुके हैं। एमसीएच बिल्डिंग में डेंगू रोगियों का वार्ड भी फिलहाल भरा हुआ है। सभी 50 बैड फुल हैं।

वायरल बुखार के सामान्य रोगियों को सीजनल डिजीज के वार्डों में रखा जा रहा है। जांच में डेंगू पॉजिटिव आने वाले रोगियों को एमसीएच में शिफ्ट किया जा रहा है। रिपोर्ट सामान्य होने पर मरीजों को छुट्टी दी जा रही है। डेंगू के कारण इस बार हार्ट में प्रॉब्लम, दौरे आने, बार-बार बेहोश होने तथा दिमागी बुखार के केस भी सामने आए हैं। दूसरी तरफ सीएमएचओं की रिपोर्ट के अनुसार जिले में डेंगू के पॉजिटिव रोगियों की संख्या 887 है।

पीबीएम हॉस्पिटल में चार साल में डेंगू के सबसे ज्यादा 1225 पॉजिटिव केस इस बार आये हैं। चिकित्सकों के लिए यह आंकड़ा हैरान करने वाला है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट को देखें तो वर्ष 2021 में सबसे ज्यादा 1152 डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट हुए थे। 2020 में सबसे कम 104, 2022 में 783 और 2023 में 384 डेंगू पॉजिटिव आये थे।

दिसम्बर का महीना अभी बाकी है। सर्दी की गति बढ़ने के साथ ही केस भी कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीबीएम हॉस्पिटल में इस बार थ्रोम्बोसाइटोपेनिया वायरल के केस सबसे ज्यादा आये हैं। इन्हीं लोगों के डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट हो रहा है। डेंगू मच्छरों से बचाव जरूरी है।'

डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, सीएमएचओ बीकानेर का कहना है कि डेंगू में बीकानेर प्रदेश में तीसरे नम्बर पर है। पहले नम्बर पर जयपुर और दूसरे नम्बर पर उदयपुर है। विभाग की टीमें जिले में सक्रिय होने के कारण इस बार केस कम आए हैं।

## सामूहिक विवाह समारोह 24 को

**बीकानेर,**(कासं)। नागौरी तेलियान समाज बीकानेर का सामूहिक विवाह सम्मेलन गजनेर रोड स्थित हसनैन पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट प्रांगण में रविवार को आयोजित होगा।

इससे पूर्व दुल्हनों का (इजाब) निकाह का काम समाज के विभिन्न मदरसों व मस्जिदों के नों मौलवी साहिबान शनिवार दोपहर बाद उनके घरों पर ही कबूल करवायेंगे। इसके लिए इस्लामी रीति के अनुसार लगभग 50 गवाह व सहयोगी के रूप में 30 लोग अलग-अलग कमेटियां बनाकर इस काम को अंजाम देंगे। समाज के इस बारहवें सामूहिक विवाह के लिए 50 से अधिक युवक- युवतियों निकाह कबूल के साथ ही आजीवन विवाह के परिणय सूत्र में बणेंगे।

सामूहिक विवाह कमेटी के सदस्य अब्दुल रऊफ राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मुख्य कमेटी के अलावा अनुशासन कमेटी शामियाना, डेकोरेशन कमेटी एवं हवाई कमेटी और नौजवान कार्यकर्ताओं ने आज विवाह स्थल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया।

शादी समारोह के लिये कुछ दिनों में देश भर से मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू होगा। विवाह वाले घरों में आज से मेहंदी, फूल पहनावा व मायरा एवं राती जोगा आदि समाजिक रीति रिवाजों के अनुसार शुरूआत की गई। विवाह समारोह की खास बात यह रहेगी की सभी बारातें, डीजे, बैंड-भांगड़ा, नाच गाने एवं आतिशबाजी पर कमेटी के नियमों की पालन करते हुए सादगी से पहुंचेगी। सामूहिक विवाह के लिए विभिन्न मोहल्लों में जाकर युवा कार्यकताओं से संपर्क किया गया।

## सार-समाचार

### मिस्टर यूनिवर्सिटी खिताब गौतम को



**अंतर महाविद्यालय बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता में विजेता गौतम चौहान को मिस्टर यूनिवर्सिटी खिताब प्रदान किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय बेस्ट फिजिक प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को नेहरू शारदापीठ पीजी कॉलेज में हुआ। विभिन्न भार वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में यश टाक, अमन, अभय सिंह भाटी, गौतम चौहान, आयुष बिश्नोई, मनिंदर सिंह और सरफराज खान ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का मिस्टर यूनिवर्सिटी खिताब राजकीय डूंगर महाविद्यालय के गौतम चौहान ने जीता। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुक्ताप्रसाद थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि अरूण व्यास थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ प्रशांत बिस्सा ने की। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी खेल में अनुशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने खेल को खेल भावना से खेलने का आव्हान किया। थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह ने कहा स्वास्थ्य के लिए खेल अति महत्वपूर्ण है। प्रत्येक व्यक्ति को कोई न कोई खेल खेलना चाहिए जिससे उसका मानसिक व शारीरिक विकास होता रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी खेलों को बढ़ावा दे रही है। प्रत्येक विभाग में खिलाड़ियों का अपना कोटा होता है। जिसमें सीधी भर्ती होती है। अरूण व्यास ने कहा कि सफल जीवन के लिए खेल जरूरी है। व्यक्ति की फिजिक से स्वास्थ्य अच्छा रहता है। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में जुगल किशोर व्यास, शिवजी छंगाणी और राजेश पुरी रहे। विश्वविद्यालय ऑब्जर्वर के रूप में हितेन्द्र मारू और पुरुषोत्तम रंगा और कोच उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पुरोहित ने किया। डॉ गौरीशंकर प्रजापत ने आभार जताया। इस दौरान राजकुमार पुरोहित, खुशाल पुरोहित, गोविन्द सुथार, अमित पारीक, अरविन्द स्वामी, गोवर्धन भादाणी और डॉ. तेजकरण मौजूद थे।

### रैली से दिया नशा मुक्ति का संदेश



**शिवबाड़ी क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली।**

**बीकानेर,**(कासं)। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर के विद्यार्थियों द्वारा नई किरण नशा मुक्ति अभियान के तहत शिवबाड़ी क्षेत्र में एक जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भगवान राम बिश्नोई ने इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय से रवाना किया गया। नशा मुक्ति अभियान की नोडल अधिकारी महाविद्यालय की सहायक आचार्य डॉक्टर रितु चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय के प्रशिक्षित विद्यर्थियों के साथ अन्य विद्यार्थियों द्वारा समय-समय पर नशा मुक्ति हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में महाविद्यालय द्वारा शिव बाडी ग्रामीण क्षेत्र को गोद लेकर वहां नशे के दुष्प्रभावों से आम नागरिकों को जागरूक करके नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### नर्सिंग एसोसिएशन के चुनाव 24 को

**बीकानेर,** (कासं)। नर्सिंग एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 24 नवम्बर को होंगे। चुनाव के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। सभी ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इनमें दो महिला उम्मीदवार होने से मुकाबला रोचक हो गया है। धड़ों में बंटे होने से गहमागहमी भी है। नर्सिंग एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र बिश्नोई ने इस बार फिर पर्चा भरा है। अनिल प्रजापत, गजराज मेघवाल के अलावा महिला नर्सिंग कर्मी ज्योति पूनिया और चंदू गुप्ता भी मैदान में हैं। पांचों ने नर्सिंग कर्मचारियों से घर-घर संपर्क करना शुरू कर दिया है। चुनाव में हारजीत को लेकर अभी से कयासों को दौर भी शुरू हो गए हैं। जातिगत आधार पर वोटों को भुनाने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। नर्सिंग कर्मचारियों की समस्याओं के अलावा पिछले दिनों डीसीएनएस कक्ष में हुई मारपीट की घटना भी चुनाव में मुद्दा बना हुआ है। रविन्द्र बिश्नोई अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर वोट मांग रहे हैं। इसी प्रकार अनिल प्रजापत के लिए संतोष तंवर, रमजान तंवर आदि ने नर्सिंग कर्मचारियों ने पीबीएम परिसर से लेकर घरों तक मतदाताओं से संपर्क किया। प्रजापत ने कहा कि यूटीबी के नियमितिकरण के प्रयास किए जायेंगे। इसके लिए चिकित्सा मंत्री को ज्ञापन दिया गया था। स्टाफिंग पैटर्न को भी बदलने का प्रयास किया जायेगा।

# आवारा श्वान पकड़ने के टेंडर में गड़बड़ी की आशंका

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम में श्वान पकड़ने वाले टेंडर में बड़ी गड़बड़ी की आशंका है। दरअसल जिस फर्म को टेंडर मिला उसने 9 जुलाई को नगर निगम को पत्र दिया वो काम शुरू करने वाली है। लेकिन नगर निगम ने उस पत्र को 8 जुलाई को ही रिसीव कर लिया। इस पूरी प्रक्रिया में इतनी हड़बड़ी दिखाई गई कि बिना एग्रीमेंट ही टेंडर का काम चल रहा है।

दरअसल श्वान पकड़ने के लिए दो जुलाई को वर्कऑर्डर हुआ। 1390 रूपए प्रति श्वान बधियाकरण कर उसे उसी जगह वापस छोड़ने का टेंडर हुआ था। तत्कालीन आयुक्त अर्पिता सोनी को फर्म ने 9 जुलाई को पत्र दिया कि वो काम शुरू करने जा रहा है लेकिन सोनी ने पत्र की रिसीविंग 8 जुलाई को ही ले ली। सिर्फ इतना ही नहीं संबंधित फर्म ने 22 जुलाई को काम शुरू करने का दावा किया है और 31 अगस्त तक का बिल भी करीब 16 लाख आ गया।

- **बिना एग्रीमेंट ही काम चल रहा है,16 लाख का बिल लेकिन भुगतान नहीं हुआ**

अब तक तीन बिल फर्म ने निगम को सौंप दिए लेकिन भुगतान नहीं हुआ। क्योंकि फर्म काम भले कर रही हो लेकिन निगम से उसका एग्रीमेंट अभी तक नहीं हुआ।

बिना एग्रीमेंट ही काम चल रहा है। मगर फर्म का काम करने की सूचना तत्कालीन कार्यवाहक आयुक्त को देना और उस पर एक दिन पहले की रिसीविंग होने से मामला फंस गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष जावेद पड़िहार ने इस पर आपत्ति जताई कि रिसीविंग बैक डेट से क्यों हुई। वो भी जब तब निगम की ओर से फर्म को काम करने का पत्र 10 जुलाई को लिखा गया। वहीं निगम नौ जुलाई के पत्र को आठ जुलाई की तारीख से रिसीव भी कर चुका है। पडिहार की आपत्ति के बाद नगर निगम ने पूरे मामले को जांचने के लिए एक कमेटी का गठन किया।

जांच कमेटी में उपायुक्त यशपाल आहूजा, अकाउंट सर्विस के सुमेर सिंह भाटी, एचओ ओमप्रकाश जावा, लेखाधिकारी धीरज जोशी और अकाउंट सर्विस के आसिफ शामिल थे। कमेटी ने रिसीविंग तारीख को ज्यादा तवज्जो नहीं दी, लेकिन एग्रीमेंट क्यों नहीं हुआ और अब उस एग्रीमेंट पर साइन कौन करेगा इस पर जरूर सवाल उठाए गए हैं।

फर्म की ओर से 13 लाख 90 हजार की जो धरोहर राशि जमा करनी थी, वो भी समय पर जमा नहीं हुई। कमेटी ने इसको लेकर जुर्माना या फर्म के पहला बिल का भुगतान न करने की सिफारिश की है। अब फाइल आयुक्त के पास है।

## बहू को पांच साल की सजा

**बीकानेर,** (कासं)। अपर सत्र न्यायाधीश संख्या 6 के पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने सास पर उबलता तेल डालकर मारने का प्रयास करने वाली महिला को पांच साल के कारावास और 11,000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

रानीबाजार में खान कॉलोनी निवासी मोहम्मद लतीफ की ओर से 11 जून, 23 को पुलिस को रिपोर्ट दी गई थी कि उसकी मां घर पर सो रही थी। उसकी पत्नी सिमरन टोपिए में भरा उबलता हुआ सरसों का तेल मां के शरीर पर डाल दिया जिससे वह 40 प्रतिशत जल गई। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के बाद सिमरन को दोषी माना और उसे पांच साल के कारावास व 11000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि जमा नहीं कराने पर 18 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों के बयान हुए। राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक मो. सलीम राठौड़ ने की।

# महिला से मोबाइल छीनने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। टाउन थाना पुलिस ने महिला से मोबाइल छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी लूट के एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में जिला कारागृह में बंद थे। टाउन पुलिस ने दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी मोनिका बिश्नोई ने बताया कि 15 नवम्बर को राजविन्द्र कौर पुत्री बसन्त सिंह निवासी गाहडू ने थाने में पेश होकर रिपोर्ट दी कि 14 नवम्बर की शाम करीब पांच बजे वह पैदल जा रही थी। जब वह किले के पास पहुंची तो पीछे से 3 अज्ञात व्यक्ति बाइक लेकर आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर ले गए। थाना प्रभारी बिश्नोई ने बताया कि बाइक सवार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल नौरंग लाल को सौंपी।

इसी दौरान जंक्शन थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में स्कूटी सवार महिलाओं के साथ हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए संदीप कुमार (20) पुत्र हरीराम नायक निवासी वार्ड 6, पुरानी गोगामेड़ी के पास धोलीपाल और गौतम (22) पुत्र लालचन्द मूंड निवासी चक 12 एमएमके ढाणी, धोलीपाल पीएस सदर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में संदीप कुमार और गौतम ने टाउन थाना क्षेत्र में 14 नवम्बर को मोबाइल फोन छीनने की वारदात कबूल कर ली। जंक्शन पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लिया। 15 नवम्बर को राजविन्द्र कौर की ओर से दर्ज करवाए गए मामले में संदीप कुमार और गौतम को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से जांच जारी है।

- **दोनों आरोपी लूट के एक अन्य मामले में न्यायिक हिरासत में बंद थे**

# सड़कों के लिए उप मुख्यमंत्री से की चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने मंगलवार को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं देवस्थान विभाग मत्री जोराराम कुमावत से जयपुर में भेंट की। इस दौरान उन्होंने बीकानेर से जुड़े विभिन्न मुद्दों के संबंध में चर्चा की।

व्यास ने उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दीया कुमारी से वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट दौरान शहरी क्षेत्र की सड़कों के लिए घोषित आठ करोड़ के अतिरिक्त 8 करोड़ रूपए बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए स्वीकृत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र की सड़कें अधिक बरसात के कारण अधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं। इस कारण अतिरिक्त राशि की जरूरत है। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री ने पांच करोड़ रूपए अति शीघ्र जारी करने की सहमति जताई और कहा कि शेष राशि चरणबद्ध तरीके से स्वीकृत कर दी जायेगी।

बीकानेर (पश्चिम) विधायक ने इस वर्ष 18 फरवरी को बीकानेर में आयोजित पुष्करणा ब्राह्मण समाज के ओलंपिक सावे के दौरान दांपत्य सूत्र में बंधे 56 जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना के तहत अनुदान के नियमों में शिथिलता प्रदान करने के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र तैयार नहीं होने के कारण कुछ अभिभावकों द्वारा पुष्टिकर सूरदासानी पंचायती ट्रस्ट को आवेदन नहीं दिया जा सका।

## बालिकाओं को सुरक्षा अधिकारों की जानकारी दी

**नापासर,** (कासं)। नापासर कस्बे की गीता देवी बागड़ी बालिका विद्यालय में सोमवार को छात्राओं को महिला और बालिका सुरक्षा के अधिकारों की जानकारी दी।

नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बालिकाओं को अपने समाज और परिवार के साथ अपने जीवन की मुख्य भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आपके आस-पास या आपके साथ कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है या कोई असामाजिक तत्व आपको परेशान कर रहा है तो आप बिना संकोच किए मुझे या मेरी महिला कांस्टेबल को आप सूचित कर सकते हैं। आपका नाम गुप्त रखते हुए उक्त असामाजिक तत्व के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायगी।

# रंजिश को लेकर हिम्मटसर सरपंच पति पर फायरिंग

**नोखा,** (कासं)। सरपंच पति पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर सरपंच पति की कार पर फायरिंग की। हिम्मटसर सरपंच पति ने नोखा थाना में गाड़ी लगाकर अपनी जान बचाई।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि हिम्मटसर सरपंच पति रिछपाल बिश्नोई ने मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि रिछपाल, चौथाराम, गुलाब सिंह और पवन कुमार पुलिस थाना नोखा में पूर्व में दर्ज मुकदमे की कार्रवाई के संबंध में कार्रवाई के लिए आये हुए थे। वहां से वो सभी दोपहर को करीब 1 बजे वापस अपनी गाड़ी में सवार होकर गांव हिम्मटसर जा रहे थे। जैसे ही वो सोमलसर गांव से आगे अणखीसर फांटा टोल नाका के पास पहुंचे तो सामने गाड़ी खड़ी थी। जिसमें सवार हिम्मटसर निवासी सुनील कुमार बिश्नोई, अभिमन्यु बिश्नोई और सहदेव बिश्नोई हाथों में पिस्टल लिए खड़े थे। जिन्होंने टोल नाका के बेरिकेट लगाकर रास्ता रोका हुआ था। रिछपाल बिश्नोई ने बताया कि सुनील ने बन्दूक से उनकी गाड़ी पर फायर किया जो उसके गाड़ी के ड्राइवर साइड की हैडलाइट के पास लगा। इसके बाद सभी ने हमें मारने की नीयत से फायर किये जो हमारी गाड़ी पर लगे। हमने अपनी जान बचाने के लिए अपनी गाड़ी को वापस नोखा की तरफ मोड़ लिया और जान बचाकर अपनी गाड़ी लेकर भागने लगे।

- **अणखीसर फांटा टोल नाके के पास सामने गाड़ी लगाई, पीछा कर फायर किए**

इस दौरान अणखीसर फांटा से आगे नोखा की तरफ पहुंचे तो एक कैम्पर गाड़ी जिसे सहीराम बिश्नोई चला रहा था और उसके साथ उसका भाई ओमप्रकाश गाड़ी में बैठा हाथ में बंदूक लहरा रहा था। कैम्पर में रामेश्वर और पतराम सहित 3-4 अन्य व्यक्ति सवार थे। सभी ने कैम्पर गाड़ी से हमारी गाड़ी को पीछे से टक्कर मारने का प्रयास किया।

# 'इंदिरा गांधी की दृढ़ निश्चय निर्णायक छवि और दूरदर्शिता का कायल पूरा विश्व था'

**बीकानेर,** (कासं)। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 107 वीं जयंती पर बीकानेर शहर और देहात कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि और स्मरण सभा का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल पब्लिक पार्क में किया गया।

प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित करते हुए जिला शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि इंदिरा गांधी की दृढ़ निश्चय निर्णायक छवि और दूरदर्शिता के कायल ना सिर्फ हिन्दुस्तान में थे बल्कि विश्व ने भी उनकी काबलियत का लोहा मानते हुए उन्हें विश्व के अधिकतम देशों ने अपना नेता माना। शक्ति के साथ नशा मुक्ति का कार्यक्रम भी इंदिरा गांधी जी की शख्शियत को कबीले तारीफ बनाता रहा। उनकी कार्यशैली वास्तव में आज के दौर में प्रासंगिक है और हमें आत्मसात करनी चाहिए।



**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शहर व देहात कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी।**

देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने पुष्पहार अर्पित करते हुए कहा कि आजाद भारत में बैंकों का राष्ट्रीयकरण करना और आम आदमी की पहुंच में बैंकों को लाना इंदिरा गांधी की बड़ी सफलता रही है। देश के दुश्मनों को पूरी ताकत से जवाब देना और दुश्मनों के घर में घुसकर उनको मारना इंदिरा गांधी जैसी महिला कर सकती है। वैसा साहस आज तक ना कोई कर पाया और ना आगे कोई कर पायेगा। आज हमें उनके जीवन को पढ़कर देश सेवा के कार्यों में खुद को शामिल करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी

- **कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी की जयंती मनाई**

जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी की जयंती पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि जब होगी कि हम सब मिलकर देश के अंदर छुपे देश के दुश्मनों को ढूंढकर देश की जनता की हिफजात करें। प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ और गजेंद्र सिंह सांखला ने कहा कि इंदिरा गांधी को देश आयरन लेडी के रूप में पूजता रहा। क्योंकि लोहे जैसे मजबूत इरादे और दुश्मनों को चीरने का साहस इंदिरा गांधी ही कर सकती है।

## उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन मांगे

**बीकानेर,** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 11 व 12 के अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र 31 जनवरी 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि जिन महाविद्यालयों द्वारा संबधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मान्यता सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति प्राप्त पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन नहीं किया है। वे संस्थाएं छात्रवृति पोर्टल पर विद्यार्थियों को प्रदर्शित नहीं होगी। इसके अभाव में महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। शिक्षण संस्थानों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन करने से पूर्व विभिन्न अर्हता प्राप्त कर पोर्टल पर 30 नवम्बर तक पंजीयन किया जाना अनिवार्य है।


**आम सूचना**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला धन्नी देवी पत्नी केशवदास रांकावत जाति साध, निवासी -शिवा बस्ती, नोखा रोड़, गंगाशहर, बीकानेर ने अपने स्वामित्व एवं अधिभोग की पट्टेशुदा अचल जायदाद वाके शिवा बस्ती, खसरा संख्या 371/224 नया खसरा संख्या 638, 639, नोखा रोड़, गंगाशहर, रोही ग्राम किसमीदेसर, बीकानेर के बाबत् वसीयतनामा दिनांक 22.07.2021 के द्वारा अपने पुत्र अमरचन्द एवं हरिनारायण को अपना वसीयती उत्तराधिकारी नियुक्त किया था। उक्त वसीयतनामा कार्यालय उपपंजीयक(तृतीय), बीकानेर के यहां दिनांक 22.07.2021 को विधिवत रूप से पंजीबद्ध हैं। मैंने कतिपय कारणों से उपरोक्त वर्णित वसीयतनामा दिनांक 22.07.2021 को वसीयतनामा निरस्तीकरण विलेख दिनांक 12.09.2024 के द्वारा निरस्त एवं निष्प्रभावी कर दिया है। उक्त वसीयतनामा निरस्तीकरण विलेख कार्यालय उपपंजीयक, बीकानेर के यहां दिनांक 12.09.2024 को विधिवत रूप से पंजीबद्ध है अब वसीयतनामा दिनांक 22.7.2021 का कोई अस्तित्व नहीं रहा है, उक्त वसीयत अब शून्य एवं निष्प्रभावी हो गयी है। अब मेरे दोनों पुत्रगण मेरे वसीयती उत्तराधकारी नहीं रहे हैं। यह आम सूचना मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 18.11.2024 को बमुकाम बीकानेर से जारी की गयी।

कन्हैयालाल शर्मा एडवोकेट बीकानेर



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि.मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी,उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 13.12.2024** को 15.00 बजे तक **3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 13.12.2024** को 15.00 बजे के बाद **Tender Notice No.:** 13-TRD-BKN-E-Tender-2024-25 **Name of work :** TRD modification work in c/w Removal of PSR-11 nos. in Ratangarh-Bikaner section of Bikaner Division. **Approx. Cost of the work :** 2,38,07,309.80 **EMD/SD (Rs.):** 2,69,000.00 **Tender Notice No.:** 14-TRD-BKN-E-Tender-2024-25 **Name of work :** Provision of 25 kv high voltage insulated coating under overline structures (ROB/FOB) with less vertical clearance from OHE over Bikaner Division. **Approx. Cost of the work :** 70,63,968.55 **EMD/SD (Rs.):** 1,41,300.00

**1337-DR/24**

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें



**बीकानेर नगर निगम**

Nagar Nigam Road, Bikaner(Rajasthan) Fax:- 0151:-2226906, Phone :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address:- nagarnigambikaner@gmail.com Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / SBM / 2024 / 16230 दिनांक : 14.11.2024

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहर के समस्त वार्डो को ODF++ घोषित किया जा रहा है यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि में नगर निगम कार्यालय में लिखित रूप से आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित रहे। आयुक्त

राज.संवाद/सी/24/8018